दिन–बुधवार दिनांक– 11 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह सिलिकॉन कूटनीति का युग है और भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप्स से लैस किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया दो हजार चौबीस के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दशक के अंत तक देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को पांच सौ बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इससे साठ लाख नौकरियां पैदा होंगी। प्रधानमंत्री ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले देश मोबाइल फोन आयात करता था, लेकिन अब यह मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन गया है।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने सत्ताईस अक्टूबर दो हजार तेरह को नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली में हुये सिलसिलेवार बम धमाके के मामले में चार आतंकियों की फांसी की सजा को उम्र कैद में बदल दिया है। न्यायालय ने दो दोषियों की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। पटना व्यवहार न्यायालय ने इस मामले में चार दोषियों को फांसी और दो को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने निचली अदालत के फैसले को पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद नुमान अंसारी, मोहम्मद मुजीबुल्लाह, हैदर अली और इम्तियाज आलम की फांसी की सजा पर रोक लगाते हुये उम्र कैद में बदल दिया। जबकि उमैर सिद्दीकी और अजरहुद्दीन कुरैशी की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली के दौरान पटना जंक्शन से गांधी मैदान तक सिलसिलेवार सात बम धमाके हुये थे। इसमें छह लोगों की मौत हो गयी थी जबकि पचासी से अधिक लोग घायल हो गये थे।

————————————————————————

प्रदेश में लाभार्थियों के राशन कार्ड के आधार सत्यापन और ई–केवाईसी के बाद पिछले चार वर्षों में चालीस लाख फर्जी और डुप्लीकेट राशन कार्ड रद्द कर दिये गये हैं। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन सरवन कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में आठ करोड़ पैंतीस लाख से अधिक उपभोक्ताओं के पास राशन कार्ड हैं। पचपन लाख नये राशन कार्ड भी बनाये गये हैं। श्री कुमार ने बताया कि राज्य में आठ करोड़ तिरेपन लाख से अधिक उपभोक्ताओं में से इकसठ प्रतिशत का ई–केवाईसी किया गया है और उनका बायोमीट्रिक सत्यापन हुआ है। श्री कुमार ने कहा कि एक राष्ट्र एक राशन कार्ड के तहत नवासी लाख उनतालीस हजार से अधिक राशनकार्ड धारकों ने पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न का लाभ प्राप्त किया है।

———————————————————————————

मॉनसून के कमजोर पड़ने के कारण राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय के खोदावंदपुर में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट बारिश की सम्भावना है। कहीं भी भारी बारिश का पूर्वानुमान नहीं है।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयासी नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक इकतीस नये मामले मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार दो सौ अट्‌ठाईस मामले सामने आ चुके हैं।

———————————————————————————

अगले वर्ष होने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा के लिए ऑनलाईन फार्म भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार मैट्रिक परीक्षा के लिए फार्म सत्ताईस सितम्बर तक भरे जायेंगे। परीक्षार्थी चौबीस सितम्बर तक शुल्क जमा कर सकते हैं। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए फार्म पच्चीस सितम्बर तक भरे जा सकेंगे। शुल्क बाईस सितम्बर तक जमा किया जा सकता है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।